## खबर संक्षेप

### 13 दिसम्बर को होगी इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत

**कटनी।** सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर 2025 को किया जा रहा है। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, भू-अर्जन मामले, सेवा संबंधी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर राजीनामा योग्य प्रकरणो एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा के द्वारा पक्षकारों से अपील की है कि जिन लोगो के मामले न्यायालय में चल रहे है, वे संबंधित न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क स्थापित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण करवा सकते है। साथ ही छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण जो न्यायालय तक अभी नहीं पहुंच पाये है, ऐसे व्यक्ति भी संबंधित विभाग या न्यायालय में प्री-लिटिगेशन के माध्यम से प्रकरण का निराकरण करा कर लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

### सिलौंडी मंडल की कार्यशाला आज

**सिलौंडी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सिलौंडी की कार्यशाला आज रविवार को ग्राम गुड़ा में दोपहर 3.30 बजे से होगी। कार्यशाला में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल प्रभारी जितेंद्र अरोरा और मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी की उपस्थिति में होगी। मंडल के पदाधिकारी ,शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बीएलसी सहित समस्त कार्यकर्ता शामिल होकर संगठन के आगामी कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श करें।

### बस में छूटा यात्री का बैग, पुलिस ने खोजकर दिलाया

**कटनी।** बस में सफर के दौरान एक यात्री का बैग छूट गया जिसे उमरियापान पुलिस ने खोजकर उसे वापस किया। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि भोपाल निवासी ओमकार शर्मा का बैग यात्रा के दौरान बस में छूट गया है। शर्मा करौंदी आए हुए थे, जहां बस से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि उनका बैग बस में ही रह गया है। सूचना मिलते ही थाना उमरिया पान पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित की और बस की खोजबीन शुरू की। टीम ने संभावित रूट और बस ऑपरेटरों से संपर्क कर जानकारी जुटाई और बैग ढूंढकर यात्री को वापस लौटाया।

### रंगदारी मांगने वाले बदमाश को भेजा जेल, एक फरार




**कटनी।** एन.के.जे. पुलिस ने रास्ता रोककर रंगदारी का पैसा मांगने और मारपीट करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सुरेन्द्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के दो आदतन अपराधियों ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और कुछ देर तक बंधक बनाकर रखा। शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया और जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आदतन अपराधी राहुल पटेल को ग्राम कटंगी कला से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में एक अन्य आरोपी फरार बताया गया है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस ने मुखबिर तैनात किये है।

---

सुबह एवं रात्रि में अधिक हो रहा ठंड का अहसास, दिन में धूप निकलने से है राहत

# ठंड दिखाने लगी अपना असर, गरम कपड़ों की मांग तेज, कोहरे से हवा में बढ़ी शीतलता





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मौसम में तापमान गिरने के साथ जिले में ठंड बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय ठंडक अधिक महसूस होने लगी है, दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन ठंडक का अहसास दिन भर बना रहता है। ठंड बढ़ने की वजह से लोग सुबह एवं शाम को गर्म कपड़ों में दिखन लगे हैं। शुक्रवार की रात अधिक ठंड महसूस हुई। शनिवार को भी यही क्रम बना रहा। रात्रि के समय हल्का कोहरा गिरने से ठंड अधिक महसूस होने लगी है। शहर की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में ठंड अपना असर दिखाने लगी है। मौसम विभाग ने भी इस साल अधिक ठंड होने का अनुमान पहले ही जता दिया था। तापमान गिरने की वजह से गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ने लगी है। नगर में जगह जगह जैकिट, स्वेटर, टोपे आदि की बिक्री के लिए दुकानें सज गई है। लोग खरीदी भी कर रहे हैं। मौसम साफ होने के बाद बीते कुछ दिनों से अब ठंड अधिक पड़ने लगी है। दिन एवं रात्रि के तापमान में भी कमी आई है ऐसे में ठंड बढ़ने लगी है। ठंड शुरू होने के बाद लोगों का दिनचर्या बदल गया। अलसुबह लोग उठ तो रहे हैं, लेकिन गर्म कपड़ों के साथ बाहर निकल रहे हैं। वहीं, शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलना भी शुरू हो गया है। बाहर जाने वाले लोग गर्म कपड़ों के साथ जा रहे हैं। ठंड के मौसम शुरू होने के साथ अलसुबह हल्का कोहरा छाया रहता है।

### गर्म कपड़ों की बिक्री हुई तेज

ठंड शुरू होने के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। कपड़ा व्यवसायी अब जैकेट, शाल, कंबल समेत अन्य गर्म कपड़े बेच रहे हैं। नगर के मुडवारा स्टेशन पहुंच मार्ग के बीच गर्म कपड़ों का बाजार लगा हुआ है। इसके अलावा ग्रामीण अंचल में कपड़ा व्यवसायी गर्म कपड़ा का व्यवसाय ज्यादा कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले तक बदली की वजह से ठंड कम थी। लेकिन मौसम साफ होते ही जिले में अब ठंड होने लगी है। लोगों को रात के अलावा सुबह शाम के समय गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ती जाती है। राहगीर यात्री वर्ग ठंड की ज्यादा मार झेलते हैं।

---



# हत्या के आरोपित को मुंबई से गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हत्या के मामले में सात वर्षों से फरार चल रहे आरोपी राजाराम तिवारी को बरही पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी अपनी पहचान बदलकर महाराष्ट्र में रह रहा था और पुलिस को चकमा देने में सफल हो रहा था।

### 10 हजार का था ईनाम

पुलिस के अनुसार थाना बरही में 4 जुलाई 2018 को अपराध क्रमांक 329/2018 धारा 302, 147, 148, 149, 294, 323, 324, 506 भा.दं.वि. के तहत हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया, जिन्हें बाद में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में छठवां आरोपी राजाराम तिवारी पिता रामाधार तिवारी 35 वर्ष, निवासी ग्राम पिपरा थाना बरही, घटना के बाद से फरार था। आरोपी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### मुंबई से पकड़ा गया

बरही पुलिस को सूचना मिली कि राजाराम तिवारी मुंबई में नाम और रूप बदलकर रह रहा है। इस पर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मुंबई रवाना हुई। साइबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेस किया गया और टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कटनी लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

---

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# नलों में नहीं मिली टोंटियां, चेंबर में टक्कन रहे गायब, सुधार के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर शनिवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी, पाइपलाइन एवं अन्य संरचनाओं का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने ग्रामपंचायत बांध के ग्राम तिलमन और सगौना के हरई ग्राम का निरीक्षण किया। नल जल योजना का अवलोकन करने पर उन्होंने पाया कि कुछ घरों में टोटी नहीं लगी, चेंबर में ढक्कन नहीं, चाबी में लीकेज, प्लास्टिक की टोटी लगी पाई आदि अनेक प्रकार कमियां पाए जाने पर आवश्यक सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ के सीईओ ब्रतेश जैन ने ग्राम पंचायत कुटेश्वर एवं इटोरा में निर्मित पानी की टंकी का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार बड़वारा की सीईओ सुश्री प्रभा तेकाम ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखाखेरा के ग्राम बरगवां में निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण संयुक्त रूप से किया। सुश्री तेकाम ने काम अधूरा पाए जाने पर एक सप्ताह में दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने सर्व संबंधितों को निर्देशित किया कि तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से शेष कार्य को पूर्ण कराएं ताकि ग्राम पंचायत को हैंड ओवर किए जाने की प्रक्रिया शीघ्र हो सके।

---

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने मारी बाजी



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के छात्रों ने जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में बाजी मारते हुये संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। महाविद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय पुरुष वर्ष योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर स्लीमनाबाद महाविद्यालय का नाम गौरवन्वित किया है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने बताया कि स्लीमनाबाद महाविद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम हासिल किया जिसमें छात्र ऋषभ साहू, लक्ष्मण भुमियाँ व मोहित चौधरी रहे। यें तीनो छात्र अब संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता मै दमखम दिखाएंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन ने बधाई दी है।

---

# कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु पंजीयन की आज अंतिम तारीख, सत्यापन 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिये हो रहे पंजीयन की अंतिम तिथि 9 नवंबर है। जबकि कृषक सत्यापन 15 नवंबर तक होगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से निर्धारित समय में अपना पंजीयन अवश्य करवाने की अपील की है।

किसानों की सुविधा और सहूलियत के मद्देनजर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए जिले में 11 पंजीयन केन्द्र बनाए हैं। इनमें बी पैक्स सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिनगौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकला, झिन्नापिपरिया, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद तथा विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा सकता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो-कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के अलावा बड़वारा, ढीमरखेड़ा और रीठी क्षेत्र में भी कोदो -कुटकी की बढ़-चढ़ कर खेती की जाती है।

### मिलेगी प्रोत्साहन राशि

श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे।

---

मांगों एवं समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# समस्याओं के समाधान एवं कई मांगों को लेकर आप ने सीएम ने नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़वारा क्षेत्र में व्याप्त स्थानीय समस्याओं को लेकर शनिवार को सीएम के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान से तहसील कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

आप कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र के छह प्रमुख मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ये मुद्दे मुख्य रूप से किसान वर्ग, महिलाओं और स्थानीय निवासियों से संबंधित हैं।

ज्ञापन में किसानों को उनकी उपज का पर्याप्त न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 3000 रूपए की सम्मान राशि तुरंत देने की बात कही गई है। पार्टी ने कंपनियों द्वारा जारी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) फंड का इस्तेमाल क्षेत्र में सड़क निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करने पर जोर दिया। बड़वारा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल और प्रभावी रोक लगाने की भी मांग की गई है, जिसे पर्यावरण और नदी के अस्तित्व के लिए खतरा बताया गया है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

ज्ञापन सौंपने के बाद, 'आप' के स्थानीय पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होती है और समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है, तो पार्टी बड़े स्तर पर जन-आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगी।

---

महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां, भजनों एवं कथा का भी आयोजन

# दद्दाधाम परिसर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दद्दा धाम परिसर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज रविवार से आरंभ हो रहा है। मंदिर में दद्दा जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूरे परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और पुष्प मालाओं से सजाया गया है। शिष्य मंडल, श्रद्धालु और सेवकगण तैयारियों में जुटे हुए हैं।

आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार, महोत्सव की शुरुआत रविवार सुबह 8:00 बजे पार्थिव शिवलिंग निर्माण से होगी। इसके बाद 12:00 बजे महा रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रुद्राभिषेक के पश्चात महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### भजनों की होगी प्रस्तुति

भजन गायक संजो बघेलभक्ति रस से ओतप्रोत माहौल में प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल सुबह 8:00 बजे से अपने भजनों की प्रस्तुति देंगी। उनकी सुरीली आवाज़ में "शिव शंकर की महिमा", "जय दद्दा जी महाराज" जैसे भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बनेगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हवन, पूजन, कथा व संकीर्तन शामिल हैं।

महोत्सव के पूर्व संध्या पर शनिवार शाम श्री बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही परंपरा के अनुसार शिव के प्राथमिक स्वरूप में गोलियां काटने की विधि (शिव जी की आराधना का प्रारंभिक स्वरूप) संपन्न की हुई। समिति द्वारा सुरक्षा और सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है।

दद्दा जी मंदिर प्रबंधन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाएं और दद्दाजी महाराज की कृपा प्राप्त करें।

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक और भव्य होने वाला है। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण अतिथि शामिल होंगे। विधायक सपाठक ने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री प्रहलाद पटेल सहित कई अन्य मंत्री, समाजसेवी, डॉक्टर और वीवीआईपी अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विधायक पाठक ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आस्था का प्रतीक होगा। क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु और भक्त इस पावन अवसर पर दद्दा जी के दर्शन के लिए पहुँचेंगे।

---

# खरीफ उपार्जन की निगरानी हेतु जिला व उप खंड स्तरीय समितियां गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, स्कंध की गुणवत्ता पर्यवेक्षण तथा नीति के अंतर्गत कठिनाइयों के निराकरण के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय समितियों का गठन किया है।

### कलेक्टर होंगे जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा गठित जिला स्तरीय उपार्जन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी सदस्य सचिव और सदस्य के तौर पर जिला लीड बैंक अधिकारी उपसंचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक एमपी एससीएससी व म.प्र. वेयर हाउस लॉजिस्टक कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक तथा अधीक्षक भू अभिलेख और सचिव कृषि उपज मंडी को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा उपखंड उपार्जन समिति के अध्यक्ष संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। जबकि सदस्य सचिव के तौर पर सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रहेंगे।

उपखण्ड स्तरीय उपार्जन समिति के सदस्य अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गोदाम प्रभारी एमपीएससीएससी व गोदाम प्रभारी एमपी वेयर हाउस कार्पोरेशन और सचिव कृषि उपज मंडी को सदस्य बनाया गया है।

खबर संक्षेप

## जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, 7 हजार रूपए नकदी जब्त

**कटनी।** रीठी एवं स्लीमनाबाद पुलिस ने अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के पास से नकदी रूपये भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर रीठी पुलिस ने ग्राम देवरीकला खेर माई मंदिर प्राँगण के पास जुआ खेल रहे प्रकाश पटेल 26 साल निवासी रीठी 2. अजय पटेल 38 साल निवासी मढिया 3. अप्पू विश्वकर्मा 40 साल निवासी ग्राम देवरीकला का को पकड़ा। जुआरियों के पास से 2750/- रुपये एवं ताश के 52 पत्ते जब्त किये गए हैं। इसी तरह समीप ही जुआ खेल रहे लल्ला उर्फ सुनील राय 40 साल निवासी ग्राम देवरीकला 2. राजेश राय 42 साल निवासी ग्राम मढिया को पकड़ा गया। दोनो के पास से नगदी 2230/- रुपये एवं ताश के 52 पत्ते जब्त किये गए। इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम बडखेरा पीर बाबा वाली खनती के समीप जुआ खेल रहे राकेश लोधी 24 साल नि पडरभटा 2. अजय बेन 19 साल नि बडखेरा 3 . आशाराम चौधरी 33 साल नि बडखेरा 4 . चंद्रभान पटेल 32 साल नि पडरभटा को गिरफ्तार किया। सभी के कब्ज से नगदी 2100 रुपये व 52 ताश पत्ते जब्त किये गये।

## योजनाओं का पीएचई के अधिकारियों के साथ करें संयुक्त निरीक्षण

**कटनी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं का समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए जलापूर्ति योजनाएं तकनीकी मानकों का पालन करते हुए पूर्ण होने की दशा में एक सप्ताह में ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित (हैंडओवर) किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के संबंध में आपस में चर्चा कर समन्वय स्थापित करते हुए अपूर्ण परियोजनाओं को तय समय सीमा में नियमों का पालन करते हुए गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं एवं तत्पश्चात निर्धारित समय सीमा में ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित (हैंडओवर) कराए जाने की कार्रवाई करें।

## किड्स केयर में आज मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव समारोह

**कटनी।** तिलक कालेज रोड स्थित किड्स केयर हा. से. स्कूल अपना 31वॉं वार्षिक सांस्कृतिक समारोह " सुगंध "संस्कृति की महक का आयोजन 9 नबम्वर को स्कूल प्रगण में शाम 4 बजे से सम्पन्न होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री धनश्री जैन बी. ई. ओ. कटनी, विशिष्ट अतिथि डॉ. कास्यव एंव डॉ. ऐश्वया अपूर्वा हिन्दू जी के अगमन से प्रांरभ होगा । किड्स केयर परिवार सभी गणमान्य नागरिको से अपील करता है कि आप इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में पहुचकर आयोजन को सफल बनाये।

## थार में लगाया था हूटर, 3500 रूपये का चालान

**कटनी।** कुठला पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान महिंद्रा थार वाहन क्रमांक UP 21 CW 9886 जो कि तेज आवाज वाले हूटर (सायरन) से लैस थी, को रोका गया । जांच के दौरान पाया गया कि उक्त वाहन पर चालक द्वारा बिना किसी प्रशासनिक वैध अनुमति के वाहन में हूटर लगाया गया था । ऐसे उपकरणों का उपयोग केवल सरकारी विभागों जैसे पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस अथवा आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को ही मान्य है। अन्यथा ऐसा उपकरण लगाना मोटर वाहन अधिनियम, की धारा 185(4) एवं 179(1) के तहत दंडनीय है, वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 3500/ समन शुल्क प्राप्त किया गया है। हूटर को निकलवाया गया।

### श्री बजरंग कटायेघाट मेले में मनोरंजन के साथ प्रेरणादायी गतिविधियों का हो रहा आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताओं के साथ जागरूकता गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बजरंग कटायेघाट मेले मे विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा रोचक खेलकूंद प्रतियोगिता, ज्ञानवर्धक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वहीं शाम 7 बजे से मेला परिसर में संवेदनशील और प्रेरणादाई फिल्म निल बटे सन्नाटा का भी प्रदर्शन किया गया जिसे नालंदा स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों से पहुंचे छात्र छात्राओं, अभिभावकों एवं नागरिकों द्वारा देखा व सुना। फिल्म की सराहना करते हुए प्रेरणादाई बताया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भी निगम पार्षदों के साथ मेला स्थल पर पहुंचकर मेला परिसर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। महापौर श्रीमती सूरी ने कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगी आयोजनों से छात्र-छात्राओं का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास होता है। महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा इस वर्ष मेला आयोजन को लेकर विभिन्न नवाचार





किये जा रहे है। आकर्षक साज सज्जा के बीच ओपन शो के माध्यम से प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद फिल्म का प्रदर्शन से यह संदेश प्रसारित किया गया कि सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति अपने दृढ़ संकल्प और मनोबल से हर मुकाम हासिल कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रगीत का गायन किया।

उल्लेखनीय है कि मेले के दौरान विभिन्न दुकानों के साथ ही शासकीय योजनाओं एवं स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी के अलावा सेल्फी स्टैंड एवं विभिन्न प्रकार की जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ये रहे विजेता

मेले में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत प्राइमरी वर्ग अ में प्रथम विजेता डायमंड स्कूल के शौर्य मेहतो, द्वितीय डीएव्ही केल्ड्रीज की वैष्णवी विश्वकर्मा रहीं। वही जे.पी.व्ही डीएवी के उत्कर्ष राज शर्मा नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वर्ग ब में प्रथम स्थान पर केन्द्रीय विद्यालय की सृष्टि दहायक, द्वितीय डीएव्ही केल्ड्रीज की नंदिनी विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान जेपीवी डीएवी के समर्थ तिवारी नें प्राप्त किया। जबकि वर्ग स में प्रथम स्थान पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल से धैर्य उपाध्याय, द्वितीय नेचर स्कूल की सर्वागी प्यासी एवं सरस्वती विष्णु वेद स्कूल की वैष्णवी सिंह रहीं इसी तरह तृतीय स्थान पर ए.रविन्द्र राव स्कूल के सोनू निगम रहे। जबकि निबंध प्रतियोगिता में वर्ग ब में प्रथम स्थान पर दृष्टि उरमरिया, तथा द्वितीय स्थान पर शौर्यवर्धन चौदहा तथा तृतीय स्थान पर आयुषी गौतम रही इसी तरह वर्ग स में प्रथम रागिनी प्रजापति, द्वितीय तान्या पटेल तथा तृतीय स्थान पर कार्तिक दुबे रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा निवृत प्राचार्य राजेंद्र कौर लाम्बा द्वारा किया गया।

मेले के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के दौरान शुक्रवार को भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान ब्रांड एम्बेसडर आशुतोष मानके एवं प्लास्टिक दानव द्वारा मेले में आने वाले नागरिकों से अमानक प्लास्टिक की वस्तुओं एवं पन्नी का उपयोग नहीं करने हेतु अपील की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इस जनजागरूकता कार्यक्रम की भी उपस्थित जनों द्वारा सराहना की गई।

## जिला पंचायत सीईओ ने सामूहिक रूप से दिलाया संकल्प

**कटनी।** राष्ट्रगीत वंदे-मातरम का गायन जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर जिला पंचायत सदस्यों अजय गोटियां, कविता पंकज राय,अखिल पांडेय समाजसेवी एवं अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित हुआ। इसके पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सीईओ एवं सदस्यों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके की। तत्पश्चात जिला पंचायत की सीईओ एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुश्री कौर ने *सभी स्वदेशी अपनाएं* इस आशय का संकल्प वाचन कर सामूहिक रूप से दिलाया। सीईओ सुश्री कौर ने उपस्थित जनों को अवगत कराया कि वंदे- मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष भर विविध गतिविधियों चार चरणों में प्रथम चरण 7 नवंबर से 14 नवंबर (शुभारंभ),द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर 2026 (समापन सप्ताह) में व्यापक रूप से आयोजित किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

*सुपरवाइजरों को प्रगति की नियमित समीक्षा करने दिये निर्देश*

# एसडीएम ने की एसआईआर की समीक्षा, मैपिंग की गति बढ़ाने दिये दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुभाग कटनी प्रमोद चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विधानसभा - 93 मुडवारा में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत एस आई आर कार्यवाही चल रही है। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खंड स्तरीय कार्यालय प्रमुखों एवं समस्त मतदान केन्द्रों के बीएलओ सुपरवाइजर से प्रगति की सतत समीक्षा की जा रही है।

एसडीएम चतुर्वेदी ने शनिवार को आयोजित बैठक में सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से बीएलओ की मानीटरिंग करें। तकनीकी एवं अन्य समस्याओं का निराकरण करते हुए तथा कार्य में प्रगति लावें। इसी प्रकार खंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने फील्ड स्तरीय कर्मचारियों को बीएलओ का समुचित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करें।



बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित खंड स्तरीय अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों से बीएलओ ट्रेनिंग आप्शन, मैपिंग कार्य करने, गणना पत्रक वितरण एवं संग्रहण किये जाने के संबंध में समीक्षा करते हुए आने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिये गये। समस्त सुपरवाइजरों को पुनः निर्देशित किया गया कि वह निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार समयसीमा में कार्य कराया जाना है। इसी प्रकार समस्त एईआरओ भी सौंपे गये। मतदान केन्द्रों के सुपरवाइजरों से प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में विधानसभा क्षेत्र 93 मुडवारा के समस्त एईआरओ , तहसीलदार, सीईओ जनपद कटनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी (शहरी एवं ग्रामीण), निर्वाचन कंट्रोल में नियोजित समस्त अधिकारी,/ कर्मचारी एवं सुपरवाइजरों की उपस्थिति रही।

## आचार्य छत्तीसी एवं शांतिनाथ विधान का आयोजन



पार्श्वनाथ दिग.जैन बड़े मंदिर में पदम सागर महाराज के पावन सानिध्य में आचार्य छत्तीसी एवं शांतिनाथ विधान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतिधारा का सौभाग्य संजय जैन–अध्यक्ष पंचायत शैलेश जैन शैलू कोमलचंद नगर निगम, रमेशचंद भजनसागर, राजू जैन हल्दी, मनोज जैन शक्कर, नीतेश जैन, सोनू जैन, मोन्टी जैन, सि.पदमचंद पीयूष जैन विन्नी, शिवम् जैन, छोटे लाल प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार आलोक कुमार, मनीष जैन बड्डे, डॉ. ऋषी जैन, पंडित शैलेश कुमार शैलू को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महावीर कीर्ति स्तंभ, के जीर्णद्धार के लिये समाजसेवियों ने अपनी ओर से सहयोग देने की घोषणा की । कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हचारी लल्लन भैया के द्वारा किया गया।

# थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को समझाया किसी के बहकावे एवं लालच में न आये

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने पदमा पब्लिक स्कूल ढीमरखेड़ा के बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। अनोखे अंदाज में बच्चों को जानकारियां देते हुए थाना प्रभारी श्री चौबे ने उन्हें समझाया कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान रहे यही मुस्कान अभियान का उद्देश्य है और इसके लिए बच्चों को चाहिए कि वह हमेशा सुरक्षित वातावरण में रहे। यदि वह अपने परिवार के साथ रहते हैं तो उनके चेहरों पर हमेशा मुस्कान बनी रहेगी। अगर कोई लालच दे तो उसके बहकावे में बिल्कुल ना आए। अगर कोई बुरी नीयत से टच करता है तो उससे दूर हटे और जोर से शोर मचाए। श्री चौबे की यह बातें बच्चों ने बड़े ही रोचक तरीके से सुनी और उसका अनुसरण करने के लिए भी उन्हें प्रेरणा मिली।आपको बता दें कि मुस्कान विशेष अभियान के तहत प्रदेश स्तर से 1 नवंबर से 30 नवंबर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं स्लिमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने पद्मा पब्लिक स्कूल ढीमरखेड़ा में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

*व्रती महिलाओं ने बांके बिहारी की पूजन अर्चन कर लगाए 56 भोग*

# लघु वृंदावन धाम बांधा में धूमधाम से मनाई गई देव दीवाली, मंदिरों मे हुआ दीपदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद सहित ग्रामीण अंचलो मे कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीवाली धूमधाम से मनाई गईं। रात्रि के समय दीपो की रोशनी से घर जगमगाये तो मंदिरों मे भी दीपदान हुआ। साथ ही गगन मे सतरंगी छठा बिखरी!घरों मे भगवान विष्णु, लक्ष्मी -गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गईं।

स्लीमनाबाद के रसिक बिहारी जू मंदिर मे भव्य दीपदान कार्यक्रम हुआ जहाँ कार्तिक व्रतधारी महिलाओं ने भगवान बांके बिहारी की पूजा अर्चना कर 56 भोग अर्पित किये ओर दीपदान किया!लघु वृंदावन धाम बाँधा मे हुई महाआरती -कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लघु वृंदावन धाम बाँधा मंदिर मे भव्य महाआरती की गईं। सायं 8 बजे भगवान मुरली मनोहर, आदिशक्ति माँ गायत्री, भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी एवं विघ्न विनाशक गणेश जी की की भव्य दीप महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गईं। आरती बाद प्रसाद वितरण किया गया!इस दौरान श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,मनोज पाठक,सतेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, राघवेंद्र दुबे ,अरुण तिवारी, पप्पू पाठक सहित बड़ी संख्या मे भक्तों की उपस्थिति रही।



पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के साथ ही कार्तिक मास का समापन शुक्रवार को हो गया ओर शनिवार से मार्गशीर्ष (अगहन)माह का आगाज हो गया!कार्तिक मास भगवान विष्णु को विशेष रूप से प्रिय है!भगवान विष्णु की पूजा विशेष फलदायी व लाभकारी होती है!कार्तिक मास मे स्लीमनाबाद नगर मे भगवान बाँके बिहारी की भक्ति की रसधारा बही सिंह वाहिनी महिला मंडल की सैकड़ो महिलायें भगवान बाँके बिहारी की भक्ति मे लीन रही प्रतिदिन प्रत्येक कार्तिक व्रतधारी महिलाओं के घर विशेष पूजा अर्चना का क्रम चला। व्रती महिलांए समूह बनाकर सुबह से ही स्नान कर सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी थी। अलग अलग विविध कार्यक्रम होते थे। कार्तिक माह के समापन पर महिलाओं ने एक -दूसरे को उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रबी सीजन की फसलों की बोवनी होगी प्रभावित

# हार्वेस्टर मिल रहे न ही मजदूर, धान की कटाई नहीं होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रबी सीजन की बोवनी का कार्य प्रारंभ हो गया है। किसान जुताई व बोवनी कार्य मे लगे हुए है लेकिन खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की कटाई कार्य अभी होना शेष है जिसका कारण किसानों को धान की कटाई के लिए न ही हार्वेस्टर मिल रहे न ही मजदूर जिस कारण किसानों के सामने बड़ी समस्या उपज रही है। धान की कटाई न होने से रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू बोवनी कार्य प्रभावित होने का चिंता सताने लगी है।

### हार्वेस्टर संचालक किसानों से कर रहे अतिरिक्त वसूली

तहसील क्षेत्र के किसानों ने बताया कि गाँव मे शुरुआत के समय बड़ी संख्या मे हार्वेस्टर आये थे तब प्रति एकड 1500 रूपये मे धान कटाई हो जाती थी लेकिन अब 80 फीसदी हार्वेस्टर धान कटाई के लिए छत्तीसगढ़ जा चुके है जिस कारण जो हार्वेस्टर बचें है उनके संचालको के द्वारा किसानों से अतिरिक्त राशि वसूल रहे है। प्रति एकड़ धान कटाई 1800 से 2000 ह रूपये तक वसूल रहे है जिस कारण किसानों को अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है साथ ही कम संख्या मे बचें हार्वेस्टरों के कारण धान कटाई कार्य मे लेटलतीफ़ी हो रही है। वही दूसरी ओर पहले के समय हार्वेस्टर नहीं चलते थे तो मजदूरो के द्वारा कटाई कार्य हो जाता था लेकिन वर्तमान मे धान कटाई के लिए हार्वेस्टर आ जाने के कारण मजदूर वर्ग कटाई कार्य नहीं करता है।





हाल ही जब हार्वेस्टर की कमी बनी हुई है तो मजदूरों से भी कटाई के लिए संपर्क किया जा रहा है, लेकिन कटाई के लिए मजदूर वर्ग नहीं मिल रहा।

### गेंहू बोवनी हो सकती है प्रभावित

किसानों का कहना है कि धान कटाई कार्य पिछड़ने का प्रमुख कारण हार्वेस्टर व मजदूर न मिलना है। जिस कारण गेंहू बोवनी कार्य पिछड़ जायेगा क्योंकि गेंहू की बोवनी नवंबर माह समाप्ति तक हो जानी चाहिए लेकिन अभी जब धान कटाई कार्य ही पूर्ण नहीं हुआ तो कब कटाई होगी फिर कब गेंहू बोवनी के लिए खेतों को तैयार किया जायेगा क्योंकि गेंहू बोवनी के लिए खेत तैयार करने 8 से 10 दिन लग जाते है।

# स्कूली वैन ने मारी टक्कर, दो हिस्सों में बंट गया ट्रेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे का वीडियो सामने आया है जिसमें स्लीमनाबाद तिराहा से पानउमरिया मार्ग पर जीनियस पब्लिक स्कूल की वैन ने एक ट्रैक्टर को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। पूरी घटना पास लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वैन चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर (एमपी21एए6211) चालक सड़क पर उसे पीछे कर रहा था। उसी समय तेज रफ्तार से आ रही स्कूल वैन (एमपी34टी0674) ने ट्रैक्टर को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बीच से दो भागों में टूट गया।

### तो हो जाता बड़ा हादसा

गनीमत रही कि हादसे के समय वैन में कोई स्कूली बच्चा सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यह ट्रैक्टर स्थानीय निवासी सुनील तिवारी का बताया जा रहा है। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। पूरी घटना पास लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि वैन चालक तेज रफ्तार में था और उसने टक्कर से पहले ब्रेक लगाने की कोशिश नहीं की। सूचना मिलने पर स्लीमनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और वैन चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच जारी है। स्कूल प्रबंधन से भी जवाब-तलब किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस शहर में निकली भव्य कलश यात्रा

**पन्ना।** मधुवन पैलेस में षनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का भव्य षुभारंभ हुआ। कार्यम की षुरुआत कलष यात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेषभूशा में सिर पर कलष रखकर षोभायात्रा में हिस्सा लिया। षोभायात्रा जनकपुर नाका निज निवास से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री जुगुल किषोर जी मंदिर पहुंची जहां से कथा सलि मधुवन पैलेस पहाड़ीखेरा मार्ग पर आकर संपन्न हुई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा का विधिवत षुभारंभ किया गया। कथा व्यास व्याकरण आचार्य पंडित श्री राम दुलारे जी ने कथा के प्रथम दिन प्रवचन देते हुए कहा कि सत्संग और भजन ही जीवन का वास्तविक सार है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि भागवत कथा जीवन में सकारात्मकता और भक्ति भाव का संचार करती है। कथा के मुख्य यजवान श्रीमती सुशमा मिश्रा सेवा निवरत एलआईसी वरिश्ठ कर्मचारी पति निर्मल मिश्रा सेवा निवरत षिक्षक है।मिश्रा परिवार ने समस्त भागवत कथा प्रेमियों से षाम 3रू33 बजे कथा सलि मधुवन पैलेस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### सरस्वती उच्च माध्य विद्यालय में संपन्न हुआ संघ का सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**पवई।** देश भर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में(विद्या भारती) सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा देश भर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिशु मंदिर पवई में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो विषयों पर्यावरण व कुटुंब प्रबोधन को लेकर श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया के द्वारा विस्तार पूर्वक उपस्थित महिलाओं को बताया गया एवं भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं की उपस्थिति रही,इस दौरान छोटी-छोटी बहनों के द्वारा एकल गीत व रोचक झांकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती चांदनी अग्रवाल और कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती मालती रैकवार रही।

### पुनरीक्षण का सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारीयों को दिया प्रशिक्षण

# एसआईआर में सभी का सहयोग आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शासकीय महाविद्यालय हटा के सभागार में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए को प्रशिक्षण दिया गया। जहां मास्टर ट्रेनर माधव पटेल दिनेश प्यासी ने सभी को प्रशिक्षण देते हुए एस आई आर प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदाता की पात्रता भारतीय नागरिक होना, आयु कम से कम 18 वर्ष होना, संबधित निर्वाचन क्षेत्र मे सामान्य रूप से निवास करना, किसी कानून के अंतर्गत आयोग्य न होना है।
उन्होने बताया कि 1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछला एसआईआर लगभग 21 वर्ष पहले, साल 2001-2004 में किया गया था। एसआईआर में प्रमुख अधिकारियों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), जिला मजिस्ट्रेट, ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध की गई प्रथम अपील को सुनते है। राज्य, केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर के निर्णय के विरूद्ध की अपील सुनते है। प्रत्येक बीएलओ मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा बीएलओ मिलान, लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता लेंगे। गणना चरण के दौरान ईएफ के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नही है। एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिक छूटे नही तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध की गई प्रथम अपील सुनेंगे । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के विरूद्ध द्वितीय अपील को सुनेंगे। उन्होंने बताया कि बीएलए मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर सकते है, प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रमाणित कर सकते है और उन्हें बीएलओ को सौंपेंगे। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा पर निर्धारित किया गया है। दस्तावेजों के सांकेतिक सूची में किसी केन्द्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा नियमित कर्मचारी, पेंशनर को जारी पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, विश्व विद्यालय व्दारा जारी मैट्रिक, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससी, एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राज्य, स्थानीय निकाय व्दारा पारिवारिक रजिस्टर सहित अन्य शामिल है। उन्होंने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार मुद्रण प्रशिक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक, घर घर गणना चरण के लिए 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को, दावे एवं आपत्तियों की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 , नोटिस चरण के लिए 9 दिसंबर से 31 जनवरी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार आलोक जैन ने सभी से कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण है इसमें कोई भी पात्र मतदाता ड्राफ्ट से बाहर न हो इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान राजनीतिक दलों में भाजपा कांग्रेस व बहुजन समाज पार्टी विधानसभा हटा तहसील के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारीयों व बूथ लेवल के कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

## मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी - कलेक्टर



**दमोह।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में आजीविका मिशन सभागार बटियागढ़ में संपन्न हुई। बैठक में बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बीसीएम, सुपरवाइजर, एएनएम, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने स्वास्थ्य अमले से कहा टीकाकरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो यह सुनिश्चित किया जाए। किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु इलाज के अभाव में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा महिलाओं और बच्चों का चिन्हांकन कर टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण कार्य पूर्ण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को टीम मैनेजमेंट के साथ मिलकर मेहनत, निष्ठा और सेवाभाव के साथ कार्य करना होगा तभी बेहतर परिणाम और अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। उन्होने स्पष्ट कहा कि धरातल पर काम करने वाले सिर्फ तीन लोग हैं -आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम, जबकि इनकी मॉनिटरिंग करने वाले कई अधिकारी हैं, ऐसे में मॉनिटरिंग करने वाले अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकते। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अब सभी यह मानकर चलें कि 'हम और आप बराबर हैं'। केवल दो-तीन महिलाओं पर सारा बोझ डालकर बाकी लोगों का जिम्मेदारी से बचना उचित नहीं है। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी और बटियागढ़ बीएमओ डॉ. महेश लोधी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय हॉकी शताब्दी वर्ष का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय हॉकी के सो वर्ष होने पर हॉकी टरफ मैदान पर बालिकाओ एवं बालक वर्ग का प्रदर्शन मैच का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे वरिष्ठ विधायक जयंत मलैया, मंत्री लखन पटेल, सासद राहुल सिंह की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष वाजपेई जी, मंडल सदस्य पार्षद कविता राय, साहित्यकार नरेंद्र दुबे, अनवर भाई, राघवेंद्र सिह, भूपेंद्र यादव, खेल अधिकारी सेफ उल्ला सहित बडी संख्या मे वरिष्ठ कनिष्ठ खिलाडियो की उपस्थिती रही। महिला पुरुष मैचो मे हॉकी दमोह यलो एवं ग्रीन टीम एक-एक गोल से विजय रही। अतिथियो का स्वागत राजेश सालोमन, हरिशंकर यादव, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, राजीव खोसला, असार संतोष सेन, राजकुमार, राजेन्द्र विकास जैन, तरूण इमरान, विवियन शाकिर, अल्ताफ देवेन्द्र आदि ने किया। भारतीय हॉकी के गौरवशाली इतिहास को रखते हुए सासद राहुल सिंह ने ध्यानचंद जी लेकर हरमन प्रीत सिंह तक नेतृत्व मे भारतीय हॉकी टीम की उपलब्ध की जानकारी साझा कि उन्होने बुन्देलखण्ड की बेटी क्रान्ति के विश्व विजेता बनने पर मंच की ओर से बधाई संदेश दिया। मंत्री लखन पटेल ने अपने खिलाडी जीवन के संस्मरण साझा किये। भारतीय हॉकी तथा हॉकी दमोह के प्रयासो की सराहना की तथा शासन से हर संभव मदद दिये जाने आव्हान किया। हॉकी टरफ मैदान की सौगात देने वाले लोकप्रिय विधायक जयंत मलैया जी ने सभी को अपना आशीर्वाद देते हुए निरंतर प्रयास करने प्रेरित किया नरेंद्र दुबे कविता राय ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर हॉकी दमोह को गर्व प्रदान करने वाले कोच रियाज शैलेन्द्र यशवंत मुहीद शामिया शैलजा कार्तिक को सम्मानित किया हॉकी दमोह ने भारतीय हॉकी शताब्दी समारोह के स्मृति चिन्ह सभी अतिथीयो भेट किये ललित नायक ने आयोजन की प्रस्तावना रखी संचालन शेख असार आभार हरिशंकर ने माना।

### फेयरनेस फाल्कन ने मारी बाजी, अंतिम ओवर में पलटी बाज़ी

# एनपीएल टू प्लास्टिक बाल नाइट टूर्नामेंट में रोमांच चरम पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा विधानसभा के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के गृह ग्राम नोहटा स्थित रानी अवंतीबाई लोधी परिसर में आयोजित एनपीएल टू प्लास्टिक बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार रात दर्शकों ने एक रोमांचक मुकाबला देखा। टीम डीएसएल और फेयरनेस फाल्कन के बीच खेले गए इस मैच में अंतिम ओवर तक सस्पेंस बना रहा, लेकिन आख़िरकार फाल्कन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी करते हुए फेयरनेस फाल्कन ने निर्धारित आठ ओवरों में 80 रन बनाए। डीएसएल के गेंदबाजों में लक्ष्मण यादव ने तीन विकेट, प्रवीण तोमर ने दो और रत्नेश लोधी ने एक विकेट झटका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएसएल टीम ने शानदार शुरुआत की, लेकिन अंतिम ओवरों में विकेट गिरने से लय बिगड़ गई और टीम 69 रन पर सिमट गई। डीएसएल की ओर से वरुण सिंह लोधी ने 41 रनों की दमदार पारी खेली। फाल्कन के प्रियांशु लोधी ने 19 रन बनाकर और एक विकेट झटककर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया।

### टूर्नामेंट की खासियत

यह अनोखा टूर्नामेंट 2 नवंबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें कुल 24 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट का प्रारूप बिल्कुल आईपीएल की तर्ज पर रखा गया है, जहां प्रत्येक टीम में दो "विदेशी खिलाड़ी" (जबेरा विधानसभा क्षेत्र से) और बाकी खिलाड़ी ग्राम पंचायत नोहटा के रहने वाले हैं। प्रत्येक मैच 8 ओवरों का होता है और टीमों में 9 खिलाड़ी खेलते हैं। आयोजन की निगरानी स्वयं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में की जा रही है,जबकि उनके अनुज नितेन्द्र सिंह लोधी की अगुवाई में विशेष आयोजन समिति हर दिन मैदान में सहयोग दे रही है। मैदान में तैयार वीआईपी बॉक्स भी इस आयोजन की खास पहचान बन गया है, जहां प्रतिदिन अतिथियों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी माहौल को और उत्साहपूर्ण बना देती है। नोहटा का यह टूर्नामेंट अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है — जहां क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि गांव के उत्सव का रंग बन गया है।

## शाला परिसर में किया पौधों का रोपण



**नरसिंहगढ।** पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला नरसिंहगढ़ में शनिवार को वृक्षारोपण हुआ। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ की सेवानिवृत्त प्राचार्य महोदय श्रीमती डॉ कुलदीप सहमी मैडम ने पीएम श्री माध्यमिक शाला नरसिंहगढ़ में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जिसका उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित रखना, छात्र छात्राओं को स्वच्छ वातावरण देना एवं परिसर में सुंदरता खुशहाली बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण कर विद्यालय का निरीक्षण भी किया जिसमे छात्र छात्राओं में बहुत ही अच्छा अनुशासन देखने को मिला। जिसमें श्रीमती सहमी मैडम ने विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती शुभ्रा ठाकुर एवं समस्त स्टॉप की बहुत ही प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। छात्रों को खूब मन लगाकर पढ़ने की रुचि जागृत करने अपना तथा विद्यालय का नाम जिले में रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टॉप ने श्रीमति सहमी मैडम को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

## सप्त शक्ति संगम समारोह का आयोजन



**दमोह।** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंहगढ़ में दिनांक 8 नवंबर 2025 दिन शनिवार को सप्त शक्ति संगम समारोह का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर सुश्री श्रीमती कुलदीप सहमी दीदी (सेवानिवृत प्राचार्या), कार्यक्रम की अध्यक्ष महोदया श्रीमती माया पटेल (उपाध्यक्ष कुर्मी समाज), मुख्य वक्ता श्रीमती पूजा श्रीवास्तव (शिक्षिका), विशिष्ट वक्ता श्रीमती वंदना तिवारी (शिक्षिका), श्रीमती धनवाई लोधी (शिक्षिका), और ग्राम की लगभग 140 माताएं बहने कार्यक्रम में उपस्थित रही। अध्यक्ष महोदय और समस्त अतिथियों ने मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इसके बाद विद्यालय की शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती सुनीता दीदी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना दी। इसके उपरांत सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री कुलदीप सहमी दीदी ने माताओं को किस प्रकार रहना चाहिए, किस प्रकार परंपराओं को भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाया जाना चाहिए। इस विभिन्न विषयों पर अपनी बात को रखते हुए उनकी शक्तियों को याद दिलाते हुए बड़े ही सरल भाव से सभी माताओं को अपने अमृत वचनों से संबोधित किया ,मुख्य वक्ता श्रीमती पूजा दीदी ने माताओं की शक्ति का वर्णन करते हुए अपने विषय को प्रस्तुत किया। इसके उपरांत विशिष्ट वक्ता श्रीमती वंदना दीदी ने कुटुंब प्रबोधन से संबंधित अपने विषय को सभी मातायों के समक्ष बड़े ही सरलता से प्रस्तुत किया। श्रीमती धनवाई दीदी ने विद्यालय के महत्व को समझाते हुए अपने विषय को प्रस्तुत किया। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्ष महोदय श्रीमती माया पटेल दीदी ने समस्त माताओं को परिवार से लेकर देश-विदेश तक किस प्रकार एकजुट होकर रहना चाहिए। समस्त विषयों को लेते हुए सभी को उद्बोधित किया। इसके उपरांत श्रीमती अंजू दीदी द्वारा प्रश्नोत्तरी में माताओं से प्रश्न पूछे गए जिसमें सभी माताओं ने बढ़चढ़ के भाग लिया और उत्तर बताए। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती चंद्रमणि दीदी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों माता बहनों का आभार व्यक्त किया गया।

### मोटर बाइक ट्रक से टकराई, युवक घायल

**अमानगंज**-पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिजगाँव ग्राम के पास एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें एक 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरबाइक चालक का नाम शिवम पिता सरमन विश्वकर्मा निवासी कामताना अमानगंज से कामताना की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्राला से मोटर बाइक टकरा जाने से बाइक में सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे 108 वाहन की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ घायल का प्राथमिक उपचार कर कटनी के लिए रेफर कर दिया है,शिवम के शरीर के कई अंगों में चोट के निशान है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### भदैया में तीन दिवसीय रामलीला का भव्य समापन

**अजयगढ।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भदैया में आयोजित तीन दिवसीय भव्य रामलीला का समापन भावनात्मक माहौल में हुआ। मंचन के अंतिम दिन, धनुष यज्ञ के अवसर पर हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाबली महाराजा छत्रसाल रामलीला कमेटी भैय्या के तत्वावधान में किया गया। अध्यक्ष दृ श्री रामरतन साहू (सरपंच, ग्राम भदैया) प्रबंधक दृ राजा ठाकुर मानवेन्द्र प्रताप सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे "यह आयोजन समाज में संस्कृति, श्रद्धा और मर्यादा का प्रतीक है।"

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में घर घर पहुंच रहे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण का कार्य तेंदूखेड़ा नगर सहित ग्राम पंचायतों में जोरों से चल रहा है शनिवार को तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत झरौली में बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर रहे हैं झरौली ग्राम पंचायत में बीएलओ मुकेश जैन बीएलओ सहायक सचिव रामदास केवट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता साहू सहायिका तुलसा केवट आशा कार्यकर्ता संगीता केवट द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया जा रहा मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण एसआईआर का काम शुरू हो गया है जहां बीएलओ व आंगनबाड़ी की टीम घर घर पहुंचकर सत्यापन कर रही है एसडीएम तहसीलदार जनपद सीईओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को पूर्ण जवाबदारी के साथ घर घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करें और सूची में कोई गलती न रहने दें इस दौरान झरौली ग्राम में बीएलओ मुकेश जैन बीएलओ सहायक सचिव रामदास केवट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता साहू सहायिका तुलसा केवट आशा कार्यकर्ता संगीता केवट द्वारा घर घर पहुंच कर निर्वाचन कार्यो का संपादन किया जा रहा है।

### कानपुर के भजन गायक त्रिशित राज कश्यप ने मोह लिया मन....

# भव्यता के साथ मनाया बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी में गुरुवार की रात्रि भक्तिभाव और श्रद्धा से ओतप्रोत बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और धार्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। आयोजन समिति द्वारा नगर के अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने ग्राउंड पर सायं 7 बजे से प्रारंभ होने वाले इस महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। इस बार बाबा श्याम के दरबार को अत्यंत भव्य रूप से सजाया गया। कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक विद्युत सजावट, भव्य दरबार, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा की विशेष व्यवस्था की गई है।
रातभर चलने वाले भजन संध्या एवं रात्रि जागरण में मुख्य आकर्षण के रूप में भोपाल के खेड़ापति म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार चेतन शर्मा, बेटू आलिया शर्मा सिस्टर्स भजन गायिका, कानपुर त्रिशित राज कश्यप भजन गायक, कानपुर उ.प्र. द्वारा अपनी मनमोहक वाणी से बाबा खाटू श्याम के भजनों की जोरदार प्रस्तुति से पूरी रात जयकारों से गूंजायमान वातावरण बना दिया।
जिससे श्रोतागण देर रात तक झूमते हुए श्याम बाबा की भक्ति में लीन रहे। आयोजित भजन संध्या मैं भजन गायक बेटू आलिया शर्मा सिस्टर्स त्रिशित राज कश्यप चेतन शर्मा ने पानी है, सर से ऊपर मुसीबत आ खड़ी है, हम तो बाबा के सहारे रहते हैं, तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ न, कीर्तन की है रात बाबा आज थाणे आनों है, मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने दोनों हाथ, देना हो तो दीजिए जनम जनम का साथ, हारे के सहारे खाटू श्याम हमारे आदि भजनों का गायन करते हुए जमकर थिरके।
नगर में हुए दूसरी बार बाबा खाटू श्याम के कार्यक्रम की भजन संध्या में हजारों की तादाद में प्रांगण देर रात तक तालिया की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। भजन गायको के द्वारा भजनों के माध्यम से बताया गया कि जो भी हारा हुआ, जीवन से निराश व्यक्ति बाबा के दरबार में पहुंचता है बाबा उसकी न केवल मदद करते हैं बल्कि प्रसन्न होकर बाबा के दरबार से वापस आता है इसके अलावा बेहतर भजनों की प्रस्तुति से भजन गायको ने लोगों की वाहवाही भी लूटी। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग भजन संध्या कार्यक्रम को देखने पहुंचे। कार्यक्रम में सजाए गए खाटू श्याम के भव्य दरबार में भक्तों ने बाबा के चरणों में माथा टेक सुख समृद्धि की कामना की।

### धानक, बसोर, बंसल, समाज की बैठक का आयोजन

**दमोह।** धानक, बसोर, बंसल, समाज की बैठक का हुआ आयोजन ग्राम हरदुआ में हुआ जिसमें सभी वरिष्ठो की सहमति से मृत्यु भोज में जो तोलीया ले जाने की कुरीति (प्रथा) को खत्म करके समस्त समाज द्वारा यह निर्णय लिया गया कि तोलिया की जगह शोक कुल परिवार को श्रद्धा पूर्वक कुछ भी राशि प्रदान की जावें ताकि शोकाकुल परिवार को कुछ आर्थिक मदद हो सके। वक्ता आकाश द्वारा समाज को एकता में बांधने का सूत्र बताया गया। साथ ही पाखण्ड से दूर रहकर शिक्षित बनने व समाज को सही दिशा में ले जाने पर जोर दिया गया। समाज के सभी वरिष्ठ नागरिको एवं समाज के माते मुखियो के सहयोग से एवं समस्त युवा साथियो की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक में आकाश, धर्मेन्द्र शंकर माते, कनई माते हीरा, सुरेन्द्र सुरेश, सज्जन, राजवीर एवं गावों के वरिष्ठ नागरिक एवं समस्त युवा साथीयों की उपस्थिति रही।

### खबर संक्षेप

## एक अपराधी पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह**। जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।
उन्होंने थाना हिण्डोरिया के अनावेदक रामदयाल राय पिता मुन्नी राय निवासी दामादी मुहल्ला बांदकपुर को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है।

## विधानसभा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए प्रवीण राय

**जबेरा**। जबेरा संपूर्ण मध्य प्रदेश में अभी हाल में हुए युवा कांग्रेस के निर्वाचन में जबेरा विधानसभा में आने वाले छोटेसेग्राम कोर ता पिपरिया में जन्मे प्रवीण राय जिन्होंने जबरा कॉलेज अध्यक्ष पद से अपनी राजनीति की शुरुआत की उसके बाद उनको एनएसयूआई का विधान सभा अध्यक्ष बनाया गया इतने कम समय में युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए राय समाज के द्वारा युवा कल्चरी महासभा का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया प्रवीण पूरी विधानसभा में एक ऐसा चर्चित नाम है जिनकी लोकप्रियता को देखते हुए इन्हें युवा कांग्रेस का विधानसभा उपाध्यक्ष निर्वाचित कियागया है। प्रवीण राय के विधानसभा उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर अखिलेश सोनी राजा खान दिनेश शास्त्री धर्मेंद्र तिवारी वीर पटेल राज राय संजय राय एवं समस्त विधानसभा क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है।

## प्रतियोगिता में शिक्षक यादवेंद्र सिंह लोधी को द्वितीय स्थान प्राप्त

**दमोह**। अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के संबंध में प्रस्तुतीकरण हेतु जिला स्तर पर चयनित प्रथम स्थान पर रहे वक्ताओं द्वारा राज्य स्तर पर सहभागिता की। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे वक्ताओं, शिक्षकों की प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर सीतामढ़ी बिहार में आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में, मध्य प्रदेश दमोह से यादवेंद्र सिंह लोधी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। यह दमोंह के लिए गौरवशाली है। ज्ञातव्य है की शिक्षक यादवेंद्र सिंह लोधी वर्तमान में अंग्रेजी माध्यम सरस्वती शिशु मंदिर में उच्च श्रेणी अंग्रेजी अध्यापन का कार्य कर रहे हैं। इस पर विद्यालय की प्रबंधक प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा बधाई दी गई।

## नृत्य प्रतियोगिता 29 नवम्बर को

**दमोह**। युवक क्रांति संगठन एवं जनपरिषद चेप्टर द्वारा 29 नवम्बर 2025 क सायं 7 बजे से मानस भवन में अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारह के अंतर्गत समूह नृत्य सीनियर,समूह नृत्य जूनियर, एकल नृत्य सीनियर,एकल नृत्य जूनियर, बेस्टन समूह नुत्य,एवं कत्थक नृत्य प्रतियगिता के रूप में आयजित है इन नृत्य प्रतियगिता में एकल नृत्य की श्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए नृत्यश्री एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति के लिए कलाश्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। उक्त विज्ञप्ति आयोजक सुधीर विद्यार्थी, दिनेश प्यासी, मनज जैन पत्रकार, अभिषेक सिंघई एडवोकेट ने प्रसारित करते हुए बताया कि कार्यक्रम के भव्य तथा आकर्षक मंच पर महाकाल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति के साथ बधाई नृत्य,जवारा नृत्य,ग्वाल नृत्य,राजस्थानी नृत्य की जहां प्रस्तुति होगी। वहीं कार्यक्रम में तत्कालीन कलेक्टर एवं रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सचिव प्रभुदयाल मीना एवं तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एवं पूर्व.डी.जी.पी.(राष्ट्रीय अध्यक्ष जन परिषद चेप्टर) एन.के त्रिपाठी अतिथि के रूप में पधार रहे है।

### ग्राम धनेटा में वारदात, पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

# 100 रूपए नहीं देने पर से नाती ने कुल्हाड़ी मारकर की दादी की हत्या

हरिभूमि न्यूज >> सिग्रामपुर



मेला जाने की सनक में एक नाती अपनी ही दादी की जान का दुश्मन बन गया। मेले के खर्चे के लिए रू 100 नहीं देने पर से एक 23 वर्ष के युवक के द्वारा कुल्हाड़ी मारकर अपनी दादी की हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है। सिग्रामपुर चौकी पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।
जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी के ग्राम धनेटा में एक 60 साल की बुजुर्ग दादी रातरानी पति रघुवर गौंड की शनिवार को कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। बाद में मृतिका के बड़े बेटे ने सिग्रामपुर पुलिस चौकी पहुचकर घटना की सूचना दी। जिस पर चौकी प्रभारी गणेश दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचे। जहा बताया गया कि रातरानी खेत में बने घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी। तभी उनका नाती हरि प्रसाद पिता विनोद गौड़ ने दादी से खर्च के लिए 100 मांगे। दादी ने सुबह से रुपए देने से मना किया तो गुस्से में हरप्रसाद ने दादी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मोत हो गई। सिग्रामपुर चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। वही हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामले में जबेरा रा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि बलवंत सिंह ने सूचना चौकी में आकर दी उनके भतीजे ने दादी को कुल्हाड़ी मार से हत्या कर दी है। तुरंत हमारी टीम मौके पर पहुंची जहां आरोपी को हिरासत में लिया गया है। कार्यवाही में जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे, प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, सतीश आदि की मौजूदगी रही।

# हाईस्कूल के पास तालाब में दिखा आठ फीट का मगरमच्छ, गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज >> बनवार



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजाडोगरी में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब हाई स्कूल से महज दो सौ मीटर दूर स्थित तालाब में आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। तालाब के टापू पर तैरते इस विशाल मगरमच्छ को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए और पूरे गांव में भय और कौतूहल का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। टीम ने तालाब की सतह पर जाल और फंदे बिछाए ताकि मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से निकाला जा सके। घटनास्थल पर वन विभाग के डिप्टी नेक नारायण खरे, राजू यादव, कमल सिंह राजपूत और जगदीश विश्वकर्मा मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने और तालाब के आसपास न जाने की हिदायत दी। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह कुछ बच्चों ने पानी में हलचल देखी थी। पहले तो उन्हें लगा कि यह किसी बड़ी मछली का झुंड है, लेकिन जब पानी से विशाल पूंछ और आंखें उभरती दिखीं तो वे घबराकर शोर मचाने लगे। कुछ ही देर में गांवभर से लोग मौके पर पहुंच गए और तालाब के किनारे से दृश्य देखने लगे। गांव के लोग अब हाई स्कूल और तालाब के आसपास जाने से डर रहे हैं क्योंकि यही तालाब बच्चों और मवेशियों के लिए रोजमर्रा का पानी भरने का प्रमुख स्रोत है। वन विभाग ने रात के समय भी निगरानी बढ़ा दी है और ग्रामीणों से अपील की है कि वे पिंजरा लगने तक तालाब से दूरी बनाए रखें। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह मगरमच्छ संभवतः किसी बड़े जल स्रोत से बहकर तालाब तक पहुंच गया है। उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जल्द ही उसे पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। बीजाडोगरी में मगरमच्छ की मौजूदगी की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से भी लोग मौके पर पहुंच गए। कई ग्रामीणों ने दूर से ही अपने मोबाइल कैमरों में इस दृश्य को कैद किया। गांव में अब चर्चा यही है कि आखिर यह आठ फीट का जलजीव कहां से आया और क्या यह अकेला है या तालाब में और भी मगरमच्छ छिपे हैं।

## अजय पटेल ने असिस्टेंट प्रोफेसर में 22 वीं रैंक हासिल की

**पथरिया**। मध्यप्रदेश लोक सेवा चयन आयोग इंदौर द्वारा विगत दिनों घोषित परिणाम में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम खिरिया शंकर निवासी कृषक चिंतामन पटेल पुत्र अजय पटेल का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर मध्य प्रदेश में 22 रैंक हासिल कर ग्राम व परिवार का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर परिवार व इष्ट मित्रों ने ग्राम पहुंचकर शुभकामनाएं व बधाई दी।



## ढाई महीने बीत गए फिर भी जिला पंचायत सीईओं ने सचिव पर नहीं की कार्यवाही

**पथरिया**। जिला कलेक्टर द्वारा विगत माह 23 अगस्त को मुख्यरमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत कामाख्याम देवी तीर्थ यात्रा में अनियमिताओ के आरोप में कलेक्टर ने जिलें के 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। वही जनपद पंचायत पथरिया में पदस्थ सचिव दशरथ प्रसाद पटेल को कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि सचिव जनपद पंचायत पथरिया दशरथ प्रसाद पटेल को नियमानुसार तत्काथल प्रभाव से निलंबित करते हुये कृत कार्यवाही से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाए। लेकिन करीब ढ़ाई महीने बीत जाने के बाद भी सचिव पर कोई कार्यवाही प्रस्तुत नही की गई जो चर्चा का विषय है। आखिर जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी जिला पंचायत सीईओं द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। आखिर क्या कारण है जिससे अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई।

# फर्जी राशन कार्ड तैयार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**तेंदूखेडा**। पुलिस थाना तेंदूखेडा द्वारा शासन को धोखा देकर फर्जी बीपीएल कार्ड तैयार करने एवं उसका उपयोग कर राशन प्राप्त करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। 25 सितंबर को फरियादी मनीष बागरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तेंदूखेडा द्वारा थाना तेंदूखेडा में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बताया गया कि ग्राम सहजपुर निवासी धन्नू पिता कुहू पाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी बीपीएल कार्ड तैयार कराया तथा उस कार्ड के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर सरकारी राजस्व को हानि पहुँचाई गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना तेंदूखेडा में अपराध क्रमांक 389/25 धारा 318(4), 336, 338(3), 340(2) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं एसडीओपी तेंदूखेडा देवी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि. नीतेश जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें धन्नू पिता कुदू श्रीपाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम सहजपुर थाना तेंदूखेडा, यशवंत पिता रामसिंह घोषी, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम रामादेही थाना तेंदूखेडा के नाम शामिल है। दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ में यह बात सामने आई कि उनके साथ अन्य व्यक्ति भी इस अवैध गतिविधि में संलिप्त हैं, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना तेंदूखेडा पुलिस बल प्रआर. बृजेश तिवारी, प्रआर. शालिम खान, प्रआर. चालक यासीन खान, आर. रणधीर सिंह, आर. नीरज नामदेव, आर. गोपाल, आर. कुंवर का विशेष योगदान रहा। थाना तेंदूखेडा पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर शासन को हानि पहुँचाने वाले अपराधों के विरुद्ध की गई यह कार्रवाई सतर्कता, तत्परता एवं सशक्त पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पुलिस की सख्त निगरानी आगे भी जारी रहेगी।



## विश्वशांति महायज्ञ के सिद्धचक्र विधान का हुआ समापन



**कुण्डलपुर दमोह**। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् की 150 भी वर्षगांठ स्मरणोत्सव पर राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का गायन किया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डलपुर, ग्रामीण जन, डॉ. अरुणकुमार पूर्णायु आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुण्डलपुर, प्रबंधक मोतीलाल जैन, उपप्रबंधक एनके जैन सहित समस्त स्टाफ कुण्डलपुर क्षेत्र ,गौशाला , हथकरघा, पूर्णायु स्टाफ की उपस्थिति रही। पूज्य बड़े बाबा मंदिर परिसर मे चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अंतिम दिवस प्रातः भक्तामर महामंडल विधान,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, रिद्धि कलश,शांतिधारा, पूजन विधान हुआ। अभिषेक पूजन के पश्चात विश्व शांति महायज्ञ हवन का आयोजन किया गया तत्पश्चात जलविहार का कार्यक्रम हुआ।

### संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने विदेश में जगाई भारतभक्ति की लौ

# लंदन की धरती पर गूंजा वंदे मातरम

**बनवार**। लंदन की ऐतिहासिक धरती पर जब "वंदे मातरम" का उद्घोष गूंजा तो हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया अवसर था राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष समारोह का जिसमें मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ मंच से वंदे मातरम् का उद्घोष किया और भारत की सांस्कृतिक गरिमा को विश्व मंच पर एक नई पहचान दी। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह भारत माता के प्रति भक्ति और देशप्रेम की गूंज है जो हर भारतीय के हृदय में बसी है उन्होंने कहा कि विदेश की भूमि पर इस गीत का गूंजना अपने आप में एक गौरवपूर्ण क्षण है जो बताता है कि भारत की संस्कृति सीमाओं से परे है और जहां भी भारतवासी हैं वहां भारत की आत्मा विद्यमान है।मंत्री धर्मेंद्र लोधी इन दिनों वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट 2025 में भाग लेने के लिए लंदन प्रवास पर हैं जहां वे मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति और पर्यटन की अनंत संभावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट में मध्यप्रदेश की भागीदारी राज्य को पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है। इस आयोजन में मध्यप्रदेश की संस्कृति कला और आस्था की जीवंत झलकियों ने विदेशी प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया खजुराहो की कलात्मक विरासत सांची के स्तूप बांधवगढ़ के वन्य जीवन और बांदकपुर धाम की आस्था का परिचय कराते दृश्य प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत चित्र प्रस्तुत कर रहे हैं विदेशी मेहमानों ने भारतीय पारंपरिक वेशभूषा और लोकसंगीत की मधुर लहरियों में भारत की आत्मा को महसूस किया। लंदन में वंदे मातरम् की गूंज केवल एक उद्घोष नहीं बल्कि एक संदेश बन गई है कि भारत की संस्कृति हर देश हर दिशा और हर दिल में बसने की क्षमता रखती है और इस क्षण ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है और जब वंदे मातरम् गूंजता है तो पूरी धरती भारतमय हो जाती है।



## अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**तेंदूखेड़ा**। लगभग 60 माह से अवेध शराब के सप्लाई फारार थे जिन्हे पुलिस ने मुखविर की सूचना पर शुक्रवार की रात में संजू पाल पिता जवाहर पाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी थाना तेन्दूखेड़ा को उसके ही घर से गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया है। ज्ञात हो कि दिनाँक 19 अगस्त 2025 को मुखबिर द्वारा सत्तू लोधी के खेत की मका में अवैध शराब रखे होने की सूचना मिलने पर पुलिस ग्राम बम्हौरी सत्तू लोधी के खेत के पास पहुँचा, जिसमें दो आरोपी संजू पाल एवं राजेन्द्र सिंह लोधी दोनों निवासी बम्हौरी 03 बोरियों में रखी अवैध शराब छोड़कर भाग गये, जो बोरियों में रखी अवैध शराब 250 पाव देशी प्लेन, 50 पाव देशी लाल मसाला, कुल 300 पाव देशी शराब (54 बल्क लीटर) जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, जो घटना दिनांक से फरार चल रहे आरोपी संजू पाल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में शामिल थाना प्रभारी तेंदूखेडा उपनिरी. नीतेश जैन, प्रआर. ब्रजेश तिवारी, रविचंद्र सेन, आर. नीरज नामदेव, रणधीर दांगी, शैलेन्द्र बघेल, प्र.आर. याशीन खान, नरस सलीम खान, सायबर सेल से प्रआर. राकेश अठ्या का विशेष योगदान रहा।

### यातायात विभाग व पुलिस प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान किसी बड़े हादसे कर रहे इंतजार

# नियमों की अनदेखी: ट्रैक्टर ट्राली का हो रहा दुरुप्रयोग



हरिभूमि न्यूज >> तेंदूखेडा

ट्रैक्टर ट्रॉलियों का उपयोग यूं तो कृषि कार्यों में होता है, लेकिन क्षेत्र में किसानों के खेती किसानी में सहयोगी अधिकतर ट्रैक्टरों का उपयोग कृषि कार्यों के अलावा अन्य कार्य में भी हो रहा है। नगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से भवन निर्माण सामग्री, रेत गिट्टी की ढुलाई से लेकर मालवाहक के रूप में ट्रैक्टरों का इस्तेमाल हो रहा है। इतना ही नहीं गांवों से पचासों लोगों को ट्रॉली में बैठा कर यात्री परिवहन कर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में कई बार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुकी है, बावजूद इसके ट्रैक्टर चालक इन हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं।

### पूर्व में हो चुके हैं हादसे

यातायात के नियमों का सबसे ज्यादा उल्लंघन टैक्टर ट्रॉली के संचालन में ही हो रहा है। अधिकतर ट्रैक्टर चालक अकुशल रहते हैं। जो परिवहन के नियम कानून भी नहीं जानते, लोगों को ट्रॉली में भरकर ऐसे चालक उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। साथ ही सड़क पर दूसरे वाहन चालकों, राहगीरों के लिए भी खतरा बन रहे हैं। 27 नवंबर 2023 को कार्तिक पूर्णिमा के दिन नर्मदा स्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी, जिसके कारण दो महिलाओं की इस हादसे में मौत हो गई थी। घटना तेंदूखेड़ा से 5 किलोमीटर तेजगढ़ मार्ग पर पिडरई पांजी के पास हुई थी। जहां पर मुख्यमार्ग पर अनियंत्रित होकर लगभग 10 फुट गहराई में जाकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी



### न नंबर प्लेट लगी, न ही रेडियम पट्टी

सड़क पर दौड़ रहे ट्रैक्टरों में तेज आवाज के स्पीकर पर गाने बजते सुने जा सकते हैं। इनके चालक तेज गति से ट्रैक्टर दौड़ाते हैं, जिन्हें गाने की तेज आवाज में दूसरे वाहनों के हॉर्न सुनाई नहीं देते। इससे अक्सर दुर्घटना घटती है। वहीं हजारों रुप, साज-सज्जा पर खर्च करने के बावजूद इनमें न तो नंबर डले होते हैं न ही ट्रॉली पर पीछे रेडियम की पट्टी होती है। इससे रात के समय पीछे से जाने वालों को उक्त ट्रैक्टर नहीं दिखते और पीछे से दूसरा वाहन टकराने से हादसे होते हैं।

### राजस्व का हो रहा नुकसान

नियमों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग खेती किसानी संबंधी कार्यों में ही किया जा सकता है। इनका व्यवसायिक या सवारी वाहन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ट्रैक्टर को कृषि कार्य में प्रयुक्त होने से टैक्स में छूट मिलती है, लेकिन इनका व्यवसायिक इस्तेमाल होने से शासन के राजस्व को भी क्षति पहुंच रही है। जिम्मेदार अधिकारियों से लोग मांग कर रहे है कि सड़कों पर ट्रैक्टरों के अवैध उपयोग पर रोक लगाई जाए।

## दो माह पहले स्वीकृति पर मंडल से अभी तक नहीं मिला पथरिया में स्टापेज

**पथरिया**। कोरोना काल में मार्च 2020 में रेल्वे प्रशासन द्वारा ट्रेनों के संचालन बंद कर दिया गया उसके बाद जब पुनः संचालन शुरू हुआ तो पथरिया स्टेशन पर जिन 6 ट्रेनों का स्टापेज था उनको बंद कर दिया। क्षेत्र की जनता द्वारा लगातार तत्कालीन सांसद प्रहलाद सिंह पटेल से मांग की गई तब 5 ट्रेनों का स्टापेज 3 वर्ष मिल गया लेकिन विंध्याचल एक्सप्रेस जिसका शुरु से पथरिया में स्टापेज था उसका नही हुआ जबकि बीना कटनी के बीच अन्य स्टेशन पर था,करीब 5 बाद अब पुनः पथरिया स्टेशन पर रेल्वे प्रशासन से स्टापेज स्वीकृत किया गया पर दो माह से अधिक का समय बीत गया पर अभी तक मंडल से स्टापेज स्वीकृत नही हुआ जिससे अभी तक यात्रियों को लाभ नही मिल पा रहा है।